लोक सभा अध्यक्ष ने संयुक्त अरब अमीरात, बांग्लादेश, मोजाम्बिक, नामीबिया, जिम्बाब्वे और ऑस्ट्रिया के विधानमंडलों के पीठासीन अधिकारियों से मुलाकात की

...

संयुक्त अरब अमीरात के स्पीकर ने कोटा की तर्ज पर अपने यहाँ कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की बात कही

...

भारतीय समुदाय ने संयुक्त अरब अमीरात की समृद्धि और स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है: लोक सभा अध्यक्ष

...

वियना, 9 सितंबर, 2021: लोक सभा अध्यक्ष, श्री ओम बिरला इस समय वियना में संसदों के अध्यक्षों के पांचवें विश्व सम्मेलन और आतंकवाद का मुकाबला करने संबंधी पहले वैश्विक संसदीय शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे भारतीय संसदीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं। अध्यक्ष महोदय ने आज संयुक्त अरब अमीरात की संघीय राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, महामहिम श्री सकर घोबाश से मुलाकात की।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि संयुक्त अरब अमीरात के साथ भारत के संबंध पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और सौहार्दपूर्ण रहे हैं, श्री बिरला ने कहा कि दोनों देशों के बीच स्वास्थ्य, शिक्षा, पर्यटन, बुनियादी सुविधाओं और हेरिटेज प्रबंधन सहित पारस्परिक हित के विभिन्न क्षेत्रों में अधिक सार्थक सहयोग किए जाने की संभावना है। लोक सभा अध्यक्ष ने श्री घोबाश को भारत की आजादी की 75वीं वर्षगांठ पर आयोजित किए जा रहे 'आजादी का अमृत' महोत्सव कार्यक्रमों के बारे में बताया। सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक और अन्य क्षेत्रों में भारत की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए, श्री बिरला ने कहा कि देश प्रगति और समावेशी विकास के पथ पर अग्रसर हैं और हमारा उद्देश्य हमारे प्रत्येक नागरिक को लाभ पहुंचाना है।

श्री बिरला ने यह भी कहा कि लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं को प्रभावी ढंग से व्यक्त करने के लिए सांसदों को महत्वपूर्ण मुद्दों के बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए काम कर रहा है। श्री बिरला ने संयुक्त अरब अमीरात के सांसदों को लोक सभा सचिवालय द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रमों से लाभान्वित होने के लिए आमंत्रित किया।

इस बात का उल्लेख करते हुए कि दोनों देशों के बीच सदियों से मजबूत आर्थिक संबंध रहे हैं, श्री बिरला ने द्विपक्षीय व्यापार को आगे बढ़ाने की संभावनाओं पर विचार करने का आह्वान किया। उन्होंने इस बात का भी उल्लेख किया कि भारत और संयुक्त अरब अमीरात के बीच लगातार बढ़ते व्यापारिक संबंधों से विविध क्षेत्रों में हमारे द्विपक्षीय संबंधों में स्थिरता और मजबूती आ रही है। यूएई में कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर सहित शिक्षा के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करना अन्य मुद्दे थे जिन पर बैठक में चर्चा की गई। यूएई के स्पीकर ने कोटा की तर्ज पर अपने यहाँ कोचिंग इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने की बात कही और श्री बिरला से इस विषय में सहयोग मांगा। श्री बिरला ने आश्वासन दिया कि वह इस विषय में भारत सरकार से बात करेंगे।

ऑस्ट्रिया गणराज्य की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, महामहिम श्री वोल्फगैंग सोबोटका के साथ अपनी बैठक के दौरान, श्री बिरला ने दोनों देशों के बीच घनिष्ठ संबंधों का उल्लेख किया और विशेष रूप से जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई। दोनों नेताओं ने भारत के सफल कोविड-19 टीकाकरण मॉडल और महामारी के बाद आर्थिक सुधार के बारे में भी बात की। श्री बिरला ने जानकारी दी कि भारत प्रतिदिन ऑस्ट्रिया की कुल जनसंख्या के बराबर संख्या में लोगों का टीकाकरण कर रहा है। बैठक के दौरान महिला सशक्तिकरण और जमीनी स्तर पर लोकतंत्र को मजबूत करने और समावेशी समाज के निर्माण के प्रयासों पर भी चर्चा हुई।

बांग्लादेश की जातियो संसद की अध्यक्ष, महामहिम डॉ. शिरीन शर्मिन चौधरी के साथ अपनी बैठक में, श्री बिरला ने भारत में आज़ादी का अमृत महोत्सव और बांग्लादेश की स्वतंत्रता के स्वर्ण जयंती वर्ष के अवसर पर शुभकामनाओं का आदान-प्रदान किया। इस बात को दोहराते हुए कि भारत बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को बहुत महत्व देता है, श्री बिरला ने डॉ शर्मिन के साथ दोनों संसदों की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं , कोविड-19 टीकाकरण, वैक्सीन मैत्री, महिला सशक्तिकरण, क्षमता निर्माण आदि जैसे कई मामलों पर चर्चा की। उन्होंने बांग्लादेश के सांसदों को प्राइड द्वारा दी जाने वाली प्रशिक्षण सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया।

मोजाम्बिक गणराज्य की असेम्बली की अध्यक्ष, महामहिम सुश्री एस्पेरंका बायस के साथ बैठक के दौरान दोनों नेताओं ने व्यापार संबंधों को बढ़ावा देने, कोविड -19 का मुकाबला करनेऔर मोजाम्बिक के संसद सदस्यों के क्षमता निर्माण सहित पारस्परिक हित के कई मुद्दों पर चर्चा की।

दिन के दौरान, श्री बिरला ने जिम्बाब्वे की नेशनल असेंबली के अध्यक्ष, महामहिम श्री जैकब फ्रांसिस मुडेंडा से भी मुलाक़ात की और दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक और सौहार्दपूर्ण संबंधों के बारे में चर्चा की। भारत की कोविड रोकथाम रणनीति, टीकाकरण कार्यक्रम और जिम्बाब्वे के सांसदों के क्षमता निर्माण पर भी चर्चा हुई।

इस सम्मेलन के दौरान, श्री बिरला ने नामीबिया की राष्ट्रीय परिषद के अध्यक्ष, श्री लुकास सिनिम्बो मुहा से भी मुलाकात की। श्री मुहा ने सांसदों और संग्रहालय विकास के लिए स्कॉलरशिप और प्रशिक्षण कार्यक्रमों के संदर्भ में भारत द्वारा नामीबिया को दी गई सहायता के लिए धन्यवाद दिया। इस दौरान भारत और नामीबिया के बीच चीता बाघों के आदान-प्रदान और विशेष रूप से मुकुंदरा हिल्स टाइगर रिजर्व के बारे में भी बातचीत हुई।